# सामाजिक समाचार

## पदम पैलेस मूलवास (सीलवा) में श्री रामकथा का भव्य आयोजन बना चिरस्मरणीय

बीकानेर जिले के नोखा तहसील के ग्राम मूलवास सीलवा में गौ सेवी पदमाराम जी कुलरिया परिवार के तत्वावधान में आयोजित ''श्री राम कथा'' का भव्य आयोजन 10 नवम्बर, 2018 से प्रारंभ हुआ, जिसका समापन 18 नवम्बर, 2018 को हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने कथा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाया। देश-विदेश से संत महात्माओं ने भी पदम पैलेस पर पहुँचकर धर्म, संस्कृति को बचाने का संदेश दिया।

गजानन्द महाराज की पूजा-अर्चना के बाद प्रथम दिवस को अनेकों माताएं-बहिनों द्वारा शीश पर कलश धारण कर कथा के शुभारंभ का आगाज किया। महिलाओं के मंगलगीत व ढोल-नगाड़ों की गूंज पुष्प वर्षा के साथ जयश्री राम के जयकारों ने वहाँ वातावरण को भक्तिमय बना दिया तो मूलवास सीलवा का पदम पैलेस प्रभु राम मय हो गया। हजारों भक्तों के सैलाब से यह ग्राम कुंभ की तरह प्रतीत होने लगा। गौ भक्त पदमाराम जी कुलरिया एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती हरप्यारी देवी जी ने मानस जी को सिर पर धारण करके व्यासपीठ तक पहुंचे और व्यासपीठ पर रखकर कुलरिया परिवार द्वारा पूजा-अर्चना की।

व्यासपीठ से श्री राम कथा मानस वक्ता प्रख्यात संत मुरलीधर जी महाराज के मुखारविन्द से हजारों हजार श्रोताओं व सन्त महात्माओं ने कथा का श्रवण कर लगातार नौ दिनों तक अपने आपको पुण्य का भागी बनाया। महाराज जी ने राम कथा करवाने, इसका गान करने व सुनने के लिए हनुमान जी की कृपा की महत्ता प्रगट की। आरम्भ में इन्होंने गुरु एवं देवी-देवताओं व संतों के अतिरिक्त सभी जीवों में प्रभु श्री राम और जानकी का स्वरूप को देखकर इन्हें भी नमस्कार किया। महाराज जी ने बताया राम कथा चन्द्रमा की किरणों के समान है और श्रोता चकोर पक्षी के समान हैं। जिस तरह चकोर पक्षी चन्द्रमा की किरणों को एक लगातार टकटकी लगाकर देखता रहता है, वैसे ही चकोर रूपी भक्त राम कथा रूपी किरणों को सदैव देखने के लिए आतुर रहता है। मुरलीधर महाराज ने अयोध्या काण्ड से प्रथम दिन शुरूआत करते हुए राम को युवराज का पद देने, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुधन के विवाह की कथा 'प्रसंग', सीता जी विदाई के मंगलगान, देवताओं के कहने पर माता सरस्वती द्वारा मंथरा की बुद्धि को कुटिलता में बदलने, मंथरा के कहने पर भरत को राजपाट व राम को चौदह वर्ष का बनवास देने के दो वर कैकई द्वारा राजा दशरथ से मांगने के प्रसंगों को राम चरित मानस की चौपाईयों के माध्यम से भावपूर्ण वर्णन किया। राम वनवास का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। केवट प्रसंग में कथा व्यास ने भक्ति में समर्पण की महिमा का वर्णन किया। चित्रकूट में भगवान राम को मनाने के लिए भरत के प्रस्थान करने, राम-भरत मिलाप, सीता हरण, किष्किंधा में राम-हनुमान मिलन, शबरी पर अनुपम कृपा, अशोक वाटिका में हनुमान जी को सीता दर्शन, लंका दहन, राम-रावण युद्ध, रावण का संहार, विभीषण को लंका का राज्य, अयोध्या में राम का राज्याभिषेक के प्रसंगों को साक्षात् करते हुए कथा को विराम तक पहुँचाया।

इस अवसर पर विभिन्न सन्तों ने शिरकत की और अपने अमूल्य उद्‌गार व्यक्त किए। राम स्नेही संप्रदाय से पधारे क्षमाराम जी ने कहा कि हरि का चरित्र अनन्त होने से इसकी कथा भी अनन्त है, जो कभी पूर्ण नहीं होती। कथा के दौरान मुरलीधर जी द्वारा शिव और पार्वती के विवाह के रोचक प्रसंगों को भी मारवाड़ी भाषा में भजनों सहित श्रोताओं के समक्ष रखे। आपका कहना था कि जब हम कर्म करते हैं तब इच्छानुसार फल की प्राप्ति नहीं होती है तो निराश नहीं होना चाहिए और इस हेतु भगवान का भजन करना चाहिए। ''भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हित कारी'' चौपाई का उद्घोष कर राजा दशरथ के यहाँ प्रभु के अवतरण का प्रसंग सुनाया तो भक्त भाव विभोर इतने हो गए कि जैसे पुन: भगवान प्रगट होने जा रहे हैं एवं सुखमय दाम्पत्य जीवन हेतु पति-पत्नी के रिश्ते को बेहतरीन बनाने पर जोर दिया। ''अनमोल तेरा जीवन यूँ ही जा रहा है'' भजन के गान द्वारा श्रोताओं में प्रभुराम के प्रति अटूट श्रद्धा का आगाज किया। जानकी रूपी भक्ति प्राप्त करने के लिए अहंकार रूपी धनुष को भंग करना होगा। गीता/रामायण के पठन की भी उपयोगिता बताई।

कथा में जन सैलाब उमड़ पड़ा, नोखा, बीकानेर, जोधपुर तथा देश के विभिन्न प्रदेशों से जन सैलाब कथा श्रवण को आने पर पाण्डाल को लगातार बढ़ाया गया। भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष कथा में बसों, निजी वाहन व रेल मार्ग, हवाई मार्ग से भी पहुँचे। सम्पूर्ण व्यवस्था सुचारू रूप से कुलरिया परिवार द्वारा की गई। महाप्रसादी की व्यवस्था व भण्डारा नियमित नौ दिनों तक रात-दिन चलता रहा। अपने ग्राम को ही तीर्थ बना दें ऐसे व्यक्ति बिरले ही होते हैं। जो औरों के लिए जीते हैं। शास्त्रों में भी कहा गया है सौ हाथों से बटोरो व एक हजार हाथों से बांटों, अपनो के लिए ही नहीं दूसरों के लिए जो करते हैं वही संत होते हैं। और ऐसे हरि श्री पदमाराम कुलरिया संत से कम नहीं हैं, उन्होंने सारा जीवन गौ सेवा, परमार्थ में ही लगाया है। कर्ष्णि पीठाधीश्वर गुरु शरणानन्द जी वृंद्वावन व ऋषि केश के चिदानन्द जी सरस्वती जी ने भगवा चादर ओढ़ाकर गो सेवी श्री पदमाराम कुलरिया जी को संत की उपाधि दी। विश्व विख्यात भागवताचार्य राष्ट्रीय संत पूज्य रमेश भाई ओझा ने भी कहा कि जितने राम सरल हैं उतने ही श्री पदमाराम जी सरल हैं। इनमें भी राम है। मानस के सिद्धान्त के अनुसार सरल स्वभाव, मन कुटीलाई तथा सब तरह से संतोष हो तभी राम बना जा सकता है। साथ ही अधिक से अधिक पेड़ों को लगाकर वायु मण्डल को प्रर्दुषण मुक्त बनाने के लिए कहा।

अखाड़ा परिषद के परमाध्यक्ष संत नरेन्द्र गिरि जी महाराज एवं बालाजी धाम के पीठाधीश्वर महाराज एवं अन्य संतों द्वारा भी गौ सेवी श्री पदमाराम जी कुलरिया को भगवा चादर ओढ़ाकर संत उपाधि की अनुमोदना की और इसी क्रम में मलूक पीठाधीश्वर डॉ. राजेन्द्र दास जी महाराज ने गौ सेवी संत पदमाराम जी को चादर ओढ़ाकर उनका प्रदत्त संत उपाधि की अनुमोदना की।

इस प्रकार सभी ने गौ सेवी संत पदमाराम जी को संत की उपाधि से नवाज़ा। गृहस्थ में रहकर संत पदमाराम कुलरिया ने अपने संस्कार, संस्कृति, गौ सेवा, पर्यावरण को बचाने की मिसाल लेकर लोगों को

जाग्रत किया, वहीं उन्होंने अपने ही ग्राम को तीर्थ बनाकर राजस्थान का कुम्भ बना दिया। पदमाराजी ने अपनी उम्र के हिसाब से 80 हजार पेड़ लगाने का संकल्प लिया है।

यादगार बना श्री रामकथा के इस आयोजन में संतों ने भी अपने प्रवचनों से श्रोताओं को उपदेशात्मक वाणी से अपना सान्निध्य प्रदान किया।

✻ सवित् सोमगिरि महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए हम सबको एक जुट होना होगा। हमें रावण की संस्कृति को मिटाना है। पर्यावरण, गौ सेवा व सनातन धर्म के लिए कार्य करना चाहिए।

✻ पतंजलि योग हरिद्वार के आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने कहा कि संस्कृति, धर्म, संस्कारों का यह झण्डा हमारे पास है, वो कहीं ओर नहीं है। हमारे संस्कारों को खण्डित नहीं होने देना चाहिए। भगवान ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका सही निर्वहन करें। हमें हमारे बच्चों को सही संस्कार देने चाहिए कि वो अपनी अलग पहचान बनाए।

✻ सींथल पीठाधीश्वर क्षमा राम जी महाराज ने मार्मिक प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान की कृपा से भगवान की सेवा के लिए ही यह मानव शरीर हमें मिला है। आप मानव शरीर तो हैं परंतु मानवता कम हो रही है, जो एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता उन्नति के बिना व्यक्ति का मोक्ष संभव नहीं है। हम धन बंटोरने में लगे हैं, हमें क्या करना चाहिए, यह हमें पता नहीं है। परंतु अंतिम समय में भगवत नाम ही काम आता है। हमें भगवान पर विश्वास करना चाहिए, उनकी परीक्षा कभी नहीं लेनी चाहिए।

✻ कर्ष्णि पीठाधीश्वर गुरु शरणानन्द जी वृंदावन ने कहा कि महापुरुष ही आपके मन के अंधकार को दूर कर सकते हैं। महापुरुष एवं संतों के सान्ध्यि में रहने मात्र से ही व्यक्ति के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। संत महात्माओं के सम्पर्क से कल्याण हो जाता है व इनकी कृपा से कष्ट दूर हो जाते हैं। स्वामी जी ने भारतीय संस्कृति को बचाने व नियमित रूप से भगवान का नाम लेने का भी आह्वान किया।

✻ योग गुरु बाबाराम देव महाराज ने कहा कि राजस्थान की धरती में चाहे रेत हो, लेकिन यहाँ के लोगों के दिल बड़े होते हैं। यहाँ की माटी में उर्वरक शक्ति अधिक होती है। उन्होंने बताया भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे और हम सब की भी एक मर्यादा है और मर्यादा का ध्यान रखेंगें तो जीवन का कल्याण हो जाएगा। हमें कभी भी मर्यादा का अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। उन्होंने माता सीता द्वारा मर्यादा छोड़ने का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने लक्ष्मण रेखा पार की उसका परिणाम युद्ध हुआ। जीवन जीना है तो मर्यादित होकर जिओ, कभी भी जीवन में कठिनाई नहीं आएगी। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील की। कभी भी किसी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करने की कसम लेने की बात कही। यह शरीर एक भगवान का मन्दिर है इसे मदिरालय मत बनाओ।

उन्होंने यह भी बताया जीवन में नियमित योग व भगवत स्मरण करना चाहिए। भगवान राम, कृष्ण, सीता व हनुमान जी भी योगी थे इसलिए हम सब योगियों की संतान है, हमेशा योग करने की इस राम कथा पाण्डाल में प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करने पर जोर देते हुए कहा कि देश का पैसा देश में ही काम आएगा। हमारे स्वदेशी अपनाने से। प्रतिदिन सुबह योग करने से शरीर निरोगी रहता है तथा आयु में वृद्धि होती है। उन्होंने आहार पर भी कहा कि जैसा होगा आहार वैसा बनेगा विचार। कोई भी कार्य करो तो निडर होकर करो, ऐसा कार्य करें, जिससे डर ना लगें। जीवन में कोई भी परिस्थिति आए। धर्म, सत्य व भगवत सेवा के मार्ग को नहीं छोड़े।

✻ मलूक पीठाधीश्वर डॉ. राजेन्द्र दास जी महाराज ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजनों की निरंतरता और गो संरक्षण के कार्यों को बढ़ावा देने की जरूरत बताया। इसके लिए मूलवास सीलवा में श्री रामकथा आयोजन के लिए गौ सेवी संत पदमाराम जी कुलरिया एवं धर्मपत्नी हर प्यारी देवी एवं उनके पुत्रों कानाराम-शंकर-धर्म कुलरिया को साधुवाद दिया। उन्होंने बताया हमेशा सत्य व दया के रास्ते पर चलें। यही धर्म का मार्ग है। धर्म को देखना है तो प्रभु राम को देखें। राम जी का चरित्र सम्पूर्ण धर्म को प्रकट करता है। गौ संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि धरती गाय का स्वरूप है। भगवान की सेवा से बढ़कर गौ सेवा है।

✻ नन्दन वन गौ शाला के अधिष्ठाता संत सुखदेव महाराज ने गो सेवा की महिमा बताते हुए गो संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने कहा प्रत्येक व्यक्ति को किसी भी गौ शाला में प्रतिवर्ष एक-एक गाय गोद लेनी चाहिए। यदि ऐसा करेंगें तो गौ संरक्षण के क्षेत्र में क्रान्ति आ जाएगी। उन्होंने कहा कि गौ माता को झूठन नहीं खिलाएं तथा आज यह संकल्प लें पहली रोटी गाय माता को खिलाएं। गौ माता में देवताओं का निवास होता है। संत सुखदेव महाराज ने गौ सेवी संत पदमाराम जी कुलरिया की गौ सेवा भावना को प्रेरक बताते हुए राम कथा के इस आयोजन को अद्भुत बताया। गौ वत्स राधाकृष्ण महाराज जोधपुर ने राजस्थान में अकाल के मौजूदा हालातों में गौ वंश को बचाने के लिए प्रत्येक गाँव में गौ ग्रास क्षेत्र खोलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर गौ सेवी संत श्री पदमाराम कुलरिया को गौ सेवा व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा दिल्ली द्वारा ''जांगिड रत्न'' सम्मान से सम्मानित किया। सभी रिश्तेदारों द्वारा भी कुलरिया परिवार का सम्मान किया गया। जोधपुर, मुम्बई व अन्य क्षेत्रों से पधारे हुए व्यक्तियों द्वारा भी संत श्री पदमाराम कुलरिया, कानाराम कुलरिया, शंकर कुलरिया, धर्म जी कुलरिया का सम्मान किया गया।

कथा कार्यक्रम की पूर्णाहुति पर मुख्य यजमान गौ सेवी संत श्री पदमाराम कुलरिया व उनकी पत्नी श्रीमती हर प्यारी देवी कुलरिया, ब्रह्मलोक गमन संत स्व. श्री दुलाराम कुलरिया जी की धर्मपत्नी श्रीमती रामप्यारी देवी, उगमाराम-चम्पा देवी, देवाराम-जमना देवी, मघाराम-नेनी देवी, कानाराम-मुन्नी देवी, शंकर कुलरिया- पार्वती देवी, धर्मचन्द कुलरिया-मीरा देवी, भंवर कुलरिया-मुन्नी देवी, नरसी कुलरिया-भंवरी देवी, पूनम कुलरिया-बबीता देवी, सुरेश-सुष्मिता देवी, नरेश, पुखराज, पंकज, भूराराम, चीमाराम, दीपक, लालचन्द, अशोक, रूखमा देवी, सुवटी देवी, सुन्दर देवी, मोहनलाल धामू, जमुना देवी, मोटाराम गठिलासर, हीरालाल माकड़ श्री बालाजी, पुष्पा-मुन्नीलाल माकड़ श्री बालाजी, लक्ष्मी-सुखदेव माकड़ श्री बालाजी, मुन्नी-मांगीलाल माकड़ श्री बालाजी, गणेशाराम, मनसुख राम, बुधाराम कुलरिया सहित परिवारजनों ने व रिश्तेदारों ने रामायण जी का पूजन किया।

इस अवसर पर श्री रामकथा के आयोजन के दौरान समाज के प्रबुद्धगणों में श्री कैलाश चन्द्र बरनेला पूर्व प्रधान महासभा, श्री लीलाराम जांगिड उद्योगपति मुम्बई, श्री अमराराम जांगिड उद्योगपति दुबई, श्री सुशील कुमार शर्मा उद्योगपति कोलकाता, श्री कान्ति प्रसाद टाईगर उपप्रधान एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री लादूराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली, श्री गिरधारी लाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक, बैंग्लुरु से श्री भंवरलाल जी गुगरिया पूर्व अध्यक्ष, श्री तेजेश जी लूंजा अध्यक्ष जांगिड समाज बैंग्लुरु, श्री कीरता राम जी, श्री सवाई राम जी, श्री मुन्नीराम जी, श्री मुकेश जी, श्री खिंवराज जी, श्री जेठाराम जी आदि, डॉ. शेर सिंह जांगड़ा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा, श्री सी.पी. शर्मा से.नि. विशेष सचिव विधान सभा लखनऊ, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजस्थान, श्री पुखराज जी पाराशर जालोर, श्री रूपचन्द सुथार ए.डी.जे. जोधपुर, श्री प्रदीप जी माकड़, श्री संजय बुढ़ल युवा नेता मुम्बई, श्री राज जांगिड फिल्म अभिनेता विशेष कार्यकर्ता आयोजन समिति, श्री तुलसीराम जांगिड जिलाध्यक्ष नागौर, श्री पूनाराम जांगिड उद्योगपति पंचमुखी विश्वकर्मा जोधपुर, श्री एम.डी. शर्मा उद्योगपति आयुषी बिल्डर्स, श्री रामपाल खण्डेलवाल जोधपुर, श्री भारत भूषण शर्मा एडवोकेट जोधपुर, श्री खिंवराज जी रालड़िया, श्री पुखराज जी उत्तम, श्री आशाराम जी माकड़ एवं ललित जी उत्तम सभी जोधपुर से, श्री बालाजी से सूरजमल माकड़, राजनैतिक क्षेत्र से नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी, पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर, भाजपा नेता बिहारी लाल विश्नोई आदि राजनेता पधारे। श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री अजय भारद्वाज गाजियाबाद, श्री गीतेश जांगिड अंगिरा वैभव आदि हजारों प्रबुद्ध लोगों ने उपस्थिति दी।

सभी अतिथियों का श्री कानाराम जी, श्री शंकर जी, धर्म जी व सभी कुलरिया परिवार द्वारा सम्मान किया गया। अन्त में श्री रामकथा में पधारने पर सभी सन्त महात्माओं एवं बड़ी संख्या में पहुँचने वाले श्रद्धालुओं एवं व्यवस्था में जुटे सभी कार्यकर्ताओं का पदमग्रुप ऑफ कम्पनीज के श्री कानाराम जी, श्री शंकर जी एवं श्री धर्म जी कुलरिया द्वारा हार्दिक आभार प्रकट किया।

यह आयोजन सदैव हजारों हजार श्रोताओं व भक्तजनों व समाज बन्धुओं में सदैव स्मरणीय रहेगा। जो भक्त कथा में नहीं पहुँच पाए उन्होंने इस कथा का रसास्वादन टी.वी. चैनलों के माध्यम से लिया। जिनके द्वारा कथा का कई चैनलों पर लाईव टेलिकास्ट किया गया। धन्य हैं ये कुलरिया परिवार जिन्होंने समाज के नाम को उच्चतम स्तर तक पहुँचाने का प्रयास किया। सभी समाजों में आज हमारा समाज गौरवान्वित हुआ। यह संदेश भी गया कि जांगिड सुथार समाज में धर्म पालना, गौ सेवा, पर्यावरण, परोपकार आदि से ओत-प्रोत व्यक्तित्व भी है। मूलवास सीलवा में पीढ़ियों से ही संत प्रवृत्ति के उद्गार उद्घोषित होते रहे हैं और आज यह उदाहरण बनकर सर्वविदित है।

## जांगिड विकास समिति दादी का फाटक जयपुर के तत्वावधान में 12वाँ प्रतिभा सम्मान समारोह 30 दिसम्बर, 2018 को

जांगिड विकास समिति दादी का फाटक जयपुर के तत्वावधान में बारहवां प्रतिभा सम्मान समारोह 2018 का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 दिसम्बर, 2018 को श्री गणपति पैराडाइज, गंगा जमुना कॉलोनी चौराहा, दादी का फाटक, मुरलीपुरा, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

**आवेदन के लिए योग्यता, नियम व शर्तें:–**

* जयपुर नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले सभी जांगिड समाज के विद्यार्थी।
* राजस्थान एवं सी.बी.एस.ई. बोर्ड की कक्षा 8 में ए व ए+ ग्रेड प्राप्त करने वाले।
* राजस्थान एवं सी.बी.एस.ई. बोर्ड की कक्षा 10 और 12 में 80% और अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।
* राजस्थान एवं सी.बी.एस.ई. बोर्ड की कक्षा 10 और 12 में मैरिट में आने वाले विद्यार्थी राजस्थान से।
* सी.ए./सी.एस. में फाईनल परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी।
* एम.बी.ए./बी.टेक./एम.सी.ए./बी.सी.ए./ में 70% और अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।
* आई.आई.टी./एम.बी.बी.एस. में इस वर्ष में चयनित विद्यार्थी (सम्पूर्ण जयपुर क्षेत्र)।
* केन्द्र व राज्य सरकार में वर्ष 2018 में सभी पदों पर चयनित होने वाले समाज बन्धु।
* किसी भी खेल में जिला स्तरीय पदक प्राप्त खिलाड़ी।

आवेदन पत्र के साथ अंक तालिका, विशेष योग्यता का प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पानी/बिजली बिल की फोटो प्रतिलिपि एवं 2 पासपोर्ट साईज की कलर फोटो संलग्न करें।

* असहाय/निर्धन/विकलांग विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति हेतु जयपुर नगर निगम वार्ड नं. 1 से 10 तक के विद्यार्थी अपनी सम्पूर्ण पारिवारिक परिस्थिति की जानकारी के साथ हस्तलिखित प्रार्थना पत्र एवं स्कूल फीस की रसीद की प्रति प्रस्तुत करें।
* विद्यार्थीगण अपने अभिभावकों के साथ निर्धारित समय से एक घण्टा पूर्व आकर रजिस्ट्रेशन करवाएं एवं कार्यक्रम सम्पूर्ण होने तक उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।
* सभी योग्य अभ्यार्थी आवेदन पत्र भरकर अपने नजदीकी केन्द्र पर जमा करवाकर रसीद प्राप्त कर लें।
* सम्मानित किए जाने वाले विद्यार्थियों एवं छात्रवृत्ति और आर्थिक सहायता के चयन का सर्वाधिकार समिति के पास रहेगा।

आवेदन प्रपत्र दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 तक ही स्थानों पर उपलब्ध रहेंगे, उसके बाद कोई भी आवेदन इस तिथि के बाद स्वीकार्य नहीं होगा।

विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : 9414074788, 9413967612, 9829310810, 9314931650, 9829133963, 9829127968

## नवलगढ़ में सी.टी. स्कैन का लोकार्पण

नवलगढ़ के जांगिड अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार में आज 4 स्लाइस सी.टी. स्कैन का लोकार्पण हर्षोल्लास से किया गया।

उद्घाटन भामाशाह व उद्योगपति बम्बई प्रवासी श्री रामप्रकाश बुबना, स्वतंत्रता सेनानी रामेश्वर चौधरी, डॉ. गणेश गुप्ता व डॉ. दयाशंकर जांगिड के करकमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। अतिथियों ने मशीन को नवलगढ़ के लिए एक अच्छा उपहार बताया। नवलगढ़ में यह पहली मशीन है। रोगियों को सीकर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि नवलगढ़ के विधायक व पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा थे। उन्होंने जांगिड अस्पताल के संचालकों को साधुवाद देते हुए कहा कि यह मशीन नवलगढ़ के लिए एक वरदान साबित होगी। मशीन द्वारा कई रोगियों की जाँच की गई। इस अवसर पर समाज सेवी रमाकान्त शर्मा, डॉ. मनीष, डॉ. मीनाक्षी, सरोज जांगिड, डॉ. शिखरचन्द जैन, श्रीमती शारदा बुबना, श्री गोपाल झुन्झुनूवाला, लक्ष्मी झुन्झुनूवाला, मोहनलाल चुड़ीवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र सैनी, इंजी. महावीर सिंह शेखावत, कैलाश चोटिया, तारा पूनिया, रविन्द्र पुरोहित, मुरली मनोहर चोबदार ओमप्रकाश सेन, जगदीश प्रसाद जांगिड, गंगाधर सिंह सुण्डा, शीशराम डूडी, नन्दलाल माली, राजकुमारी बारी, जनार्दन घोड़ेला, कृष्ण कुमार डीडवानिया, मुरारीलाल शर्मा, मोहनलाल शर्मा चूरू, गोविन्द जांगिड सरदार शहर, इंजी. हरीराम सैनी, ओमप्रकाश चोबदार, ओमप्रकाश मिन्तर, अब्दुल जब्बार खोखर, अब्बास बारूदगर, मनोज सोनी, योगेश सोनी, आनन्द कुमार, विनोद पूनिया, छाजूलाल जांगिड, कैलाश जांगिड, मनोज कुमार रूनला, फूलचन्द सैनी, चिरंजीलाल सैनी, सीताराम शर्मा, अवधेश सर्राफ, सुभाष जांगिड, सतीश कर्नाटका, देवकीनन्दन जांगिड, पुरुषोत्तम मुरारका, महावीर शर्मा, सुभीता सीगड़, जयपाल सिंह शेखावत, डॉ. राजेश यादव, सत्यप्रकाश हिसार, रिंकु पूनिया, विमला पूनिया, मधु शर्मा, वासुदेव डीडवानिया, श्रीकान्त पारीक व नवलगढ़ के सभी पत्रकार तथा नवलगढ़ के सैंकड़ों गणमान्यजन उपस्थित थे।

## जिला सभा सीकर द्वारा आयोजित नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

25 नवम्बर, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा सीकर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन शगुन विवाह स्थल, देव हीरो मोटर्स के सामने जयपुर-झुंझुनूं बाईपास, सीकर में किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली थे तथा समारोह की अध्यक्षता श्री शंकर लाल लदोया पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मध्यप्रदेश द्वारा की गई।

विशिष्ट अतिथि श्री लखन शर्मा (जांगिड) प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्रीमती कान्ता जांगिड आईपीएस, श्री गिरधारी लाल कोसलिया, श्री सागरमल कोलिडा, श्री भगवानाराम सिंगोदड़ी, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री बनवारी लाल जांगिड खण्डेलसर उपप्रधान महासभा, श्री चौथमल जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष सीकर, श्री हरदयाल जांगिड नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सीकर, श्री गिरधारी लाल जांगिड जिलाध्यक्ष चुरू, श्री प्रभु दयाल बरनेला उपप्रधान महासभा, श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान आदि मंचासीन हुए।

मंचासीन अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा एवं श्री अंगिरा ऋषि की मूर्ति के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करने के उपरान्त समारोह का शुभारंभ हुआ। समारोह की अध्यक्षता कर रहे श्री शंकर लाल लदौया जी का माल्यार्पण, साफा व शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिह्न भेंटकर जिलाध्यक्ष श्री हरदयाल जांगिड सनवाली, बाबूलाल जी महामंत्री, श्री भंवरलाल चोयल, श्री राधेश्याम जी, हरिराम जांगिड उपाध्यक्ष एवं समिति पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री शिवनारायण थानेदार उपप्रधान महासभा, श्री नवीन जांगिड (जय श्री कंस्ट्रक्शन कम्पनी) जयपुर, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), श्री रामजीलाल जांगिड संगठन मंत्री महासभा, श्री नन्दलाल खण्डेला, श्री भागीरथ जी सिहोड़ी, श्री मोतीलाल जी उद्योगपति रींगस, श्री रोहिताश्व जांगिड उद्योगपति (औरंगाबाद), श्री गोपाल जी नागपुर, श्री भंवरलाल जी ए.ई.एन., श्री बजरंग लाल जी बसावा, श्री ख्यालीराम जी खण्डेला उपप्रधान महासभा, श्री सुभाष जी, श्री गंगाधर जी गोड़िया, श्री परमेश्वर जी जांगिड सीकर, श्री शंकर लाल जी चुरू, श्री विनोद जांगिड अजाड़ीकला मंत्री, श्री बाबूलाल जी जांगिड प्राचार्य सीकर, श्री शिवदयाल भादवासी, श्री रामकृपाल जांगिड लालासी, श्री राधेश्याम जी माण्डण, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर, श्री हरिकिशन जांगिड पिलानी, श्री सोहनलाल जी मीषण चुरू, श्री जगन जांगिड फतेहपुर, श्री रामेश्वर जी दांता, श्री हरिनारायण जी चला उपप्रधान, श्री ओमनारायण नीम का थाना, श्री राजेश जांगिड कांवट, श्री लालचन्द सबलपुरा, श्री भागीरथ जी मंगलाना, श्री प्रहलादराय जांगिड रींगस उपप्रधान महासभा, श्री बद्रीलाल जांगिड से.नि. (बी.डी.ओ.), ओमप्रकाश उबाणा, श्री आदित्य जांगिड पिलानी, श्री रामपाल खण्डेला, रतनलाल जी उदयपुरा, श्री आर.पी. जांगिड श्रीमाधोपुर, राजेश कटारिया वरधा कॉलेज नीम का थाना, सुभाष जी भारत माता पब्लिक स्कूल चारा का बास, श्री सतवीर जांगिड टैगोर स्कूल पिलानी सीकर, श्री बाबूलाल जांगिड रींगस उपप्रधान, श्री चौथमल जी झड़ाया, श्री राधेश्याम जी रेनवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, डॉ. अजय जांगिड, श्री भंवरलाल सुठोठ आदि का भी माल्यार्पण व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन श्री कृष्ण कुमार जांगिड बेरी एवं कन्हैयालाल सांवलोदा द्वारा किया गया।

श्री रविशंकर जांगिड (प्रधान), श्री लखन शर्मा (प्रदेशाध्यक्ष), श्री बी.सी. शर्मा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' जयपुर, श्री विनोद जांगिड अजाड़ी कला द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर श्री बलदेव जांगिड को संगठन मंत्री महासभा के पद की शपथ श्री रविशंकर जांगिड प्रधान की उपस्थिति में श्रीमती कान्ता जांगिड आई.पी.एस. द्वारा दिलवाई गई।

इस अवसर पर श्री राधेश्याम जी माण्डण प्रवक्ता द्वारा जिला सभा सीकर की आगामी भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला, जिसमें समाज

संगठन, कार्यालय जिला सभा, अंगिरा जयंती मनाने, प्रतिभा खोज आयोजन, नशा मुक्ति, मृत्युभोज जैसी कुरुतियों को समाप्त करने बाबत् अवगत करवाया।

समारोह में श्री परमेश्वर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा एफ.डी.आर. (लगभग 1,34,000 रुपए) की वर्तमान जिला सभा सीकर को हस्तांरित करने की घोषणा की। वहीं 5 लाख रुपए की घोषणा जिला सभा सीकर द्वारा जिला सभा कार्यालय जो कि श्री गिरधारी लाल जी ने निर्माणाधीन मानव सिटी कॉम्पलेक्स में फ्लेट के लिए गिरधारी लाल जी कोसलिया द्वारा जिला सभा भवन के लिए 5 लाख 51 हजार रुपए की भी घोषणा। श्री बनवारी लाल जी खण्डेलसर द्वारा भी 1,51,000/- रुपए तथा भगवानाराम सिंगोदड़ी द्वारा भी 1 लाख रुपए की घोषणा की। 51000/- रुपए श्री शंकर लाल जी लदोया द्वारा घोषणा की गई। श्री राजकुमार चोयल व पोखरमल जी अमरावती द्वारा भी 51-51 हजार रुपए की घोषणा की।

उद्‌बोधन की कड़ी में जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार द्वारा बताया कि महासभा एक इकाई और उसकी शाखाएं प्रदेश सभा, जिला सभा, तहसील सभा एवं ब्लॉक सभा व शाखा सभाएं होती हैं। महासभा अकेली कार्य को पूर्ण इन सभाओं के सहयोग के बिना किस प्रकार कर सकती है अत: इन सभी सभाओं को सामंजस्य बनाने पर ही उद्देश्य की पूर्ति संभव है। वर्तमान में विधानसभा चुनाव में हमारे तीन प्रत्याशी हैं उनको हमें पारदर्शिता दिखाते हुए तन, मन, धन से इन सभाओं के जरिए सहयोग करना होगा। उनकी जीत को हमें सुनिश्चित करना होगा। हमें अपनी ताकत दिखानी होगी, इन पार्टियों को भी।

श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा अपने उद्‌बोधन में सभी समाज बन्धुओं को नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं व नवगठित कार्यकारिणी के गठन पर बधाई देते हुए कहा कि आज हमें खुशी है कि सीकर जिले में संगठन देखने को मिला। सभी चाहते हैं हमारा समाज आगे बढ़े। राजनीतिक क्षेत्र में हमारे उम्मीदवारों की हम सहायता करने का शीघ्र ही प्लान बना रहे हैं। हमने अंगिरा जयंती महोत्सव मनाने की भी शुरूआत की है और यह सीकर जिले से प्रारंभ हुआ। महिलाओं एवं युवाओं को भी आगे लाना है। वैसे सीकर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है।

श्रीमती कान्ता जांगिड आई.पी.एस. द्वारा सभी समाज बन्धुओं, नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समय-समय पर नियमित होते रहने चाहिए। श्री चौथमल जी जड़ाया द्वारा भी संगठन पर बल दिया गया। श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' द्वारा अपने उद्‌बोधन में नवगठित सीकर जिलासभा की कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि पहचान के लिए राम व राज दोनों की आवश्यकता होती है। राम को देख नहीं सकते लेकिन राज में तो हम अपना अस्तित्व बना ही सकते हैं। इसके लिए भी हमें योजना शुरू करना चाहिए। महासभा की ''राजनैतिक सहायता कोष'' की स्थापना करनी चाहिए, जिसमें कम से कम 5 करोड़ रुपए हों और समाज में 50 नहीं 200 केंडिडेट राजनैतिक क्षेत्र में चारों ओर से चुनावों में खड़े हों।

श्री रामेश्वर जी से.नि. डिप्टी लेबर कमीश्नर श्रम विभाग ने सरकारी लाभकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया और कहा कि मैंने कान्ता जांगिड को ट्रेनिंग दी तथा कोई भी समाज से हो मैं सदैव तत्पर हूँ। समाज जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। श्री भंवरलाल सुठोठ सीकर द्वारा भी राजनैतिक क्षेत्र में अपने अनुभव को शेयर किया।

अन्त में श्री रविशंकर जांगिड प्रधान महासभा द्वारा अपने उद्‌बोधन में जिला सभा सीकर की नवगठित कार्यकारिणी व दीपावली स्नेह मिलन के आयोजन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे समाज के राजनैतिक क्षेत्र के चेहरे श्री जगदीश चन्द्र जी, श्री राकेश जांगिड, श्री रामचन्द्र उत्ता तीनों चेहरे इस बार चुनाव जीतेंगें और समाज राजनीति में आगे आएगा। प्रत्येक समाज बन्धुओं को सहायता के लिए चन्दा इक्ट्ठा कर इन प्रत्याशियों के पास शीघ्रता से पहुँचाए तथा तन व मन से भी इनके साथ लगें। ऐसी मैं आप सभी से अपील करता हूँ। एक-एक वोट कीमती है हमें इनको जिताना है। 27 दिसम्बर, 2018 को महासभा का ''स्थापना दिवस'' है हर जगह इसको राष्ट्रीय स्तर पर एक उत्सव की तरह मनाएं। 19 मई, 2019 को बांकनेर स्कूल की 100वीं वर्षगांठ होने जा रही है। वहाँ एक बड़ा आयोजन किया जाएगा। हम किसी भी हालत में हमारे एम.एल.ए. विधान सभा में देखना चाहते हैं। जयपुर से भी 30 लाख रुपए की सहयोग राशि जगदीश जी को दी गई है।

अन्त में जिलाध्यक्ष श्री हरदयाल जी ने सभी का आभार प्रकट किया और आश्वस्त किया कि हमारा एजेण्डा तीन वर्ष पूर्व ही पूरा कर दिया जाएगा।

## जांगिड ब्राह्मण विकास समिति जोबनेर द्वारा आयोजित तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

जांगिड ब्राह्मण विकास समिति जोबनेर, जयपुर द्वारा 23 नवम्बर, 2018 को जांगिड ब्राह्मण समाज तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन व सामाजिक सम्मेलन पुलिस थाने के सामने चिरनोटिया रोड, जोबनेर पर आयोजित किया गया, जिसमें 6 युगल परिणय सूत्र में बंधे। प्रात: गणपति पूजन संत श्री सर्वेश्वर दास जी महाराज श्यामगढ़, श्री भागचन्द जी लावण्डीवाल जोबनेर, श्री भीमराज जी आसल्या झोटवाड़ा, श्री गोपाल जी कींजा बगरू, श्री जगदीश जी रावत सांझरिया, श्री दीपक जी जांगिड ज्योतिषाचार्य सांगानेर, श्री प्रहलाद जी धाराणिया दुर्जनियावास, श्री हनुमान जी बूंदवाल (पूणे), श्री गोपाल जी कोतकथलिया अणतपुरा के सान्निध्य में हुआ।

इसके उपरान्त विश्वकर्मा पूजन श्री नन्द कुमार जांगिड, मारुति कास्टिंग उद्योगपति जयपुर, श्री छीतरमल जांगिड मुरलीवाला एक्सपोर्ट कालाडेरा, श्री कैलाश चन्द जी लोईवाल उद्योगपति बगरू, श्री गोविन्दराम जी गोगोरिया मुण्डियागढ़, श्री घीसालाल जी खिलखानिया (मुम्बई), श्री शंकर जी बरवाड़िया अध्यक्ष अंगिरा युवा उत्थान समिति बगरू, श्री हनुमान प्रसाद जी खिलखानिया अध्यक्ष तह. बगरू आदि द्वारा किया गया।

ध्वजारोहण श्री लालचन्द जांगिड राष्ट्रीय संरक्षक विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति, अमरचन्द जी लावण्डीवाल जोबनेर, श्री कैलाश जी रावत सांझरिया, श्री मामराज जी चिचावा जोरावर नगर सूरत, श्री बाबूलाल जी आसल्या भांकरोटा, श्री कल्याणमल जी हर्षवाल

अध्यक्ष तह. रेनवाल आदि द्वारा किया गया।

इससे पूर्व में वर-वधु आगमन, थाम स्थापना, शोभायात्रा (निकासी), तोरण व वरमाला की रस्म अदा की गई। इसके उपरान्त वर-वधुओं को पाणिग्रहण संस्कार पाण्डाल में वेदोमंत्रोचार द्वारा विद्वान पण्डितों द्वारा पाणिग्रहण संस्कार कराया गया।

दोपहर को सामाजिक सम्मेलन का आयोजन समिति द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा की गई, विशिष्ठ अतिथियों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री रामरतन पंवार उपप्रधान महासभा, श्रीमती संतोष देवी महिला प्रदेशाध्यक्ष, श्री नन्दलाल खण्डेला, श्री भागीरथ जी जांगिड सिहोड़ी कार्यालय मंत्री, श्री सीताराम टटेरा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री लालचन्द जांगिड राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति, श्री सुरेश गोगोरिया युवा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री सुरेश पिलवाल मुख्य चुनाव प्रभारी प्रदेश सभा राज., श्री हरिशंकर जांगिड जिलाध्यक्ष (ओ.बी.सी.) कांग्रेस कमेटी, श्री लक्ष्मीनारायण जी सिंगवाणिया (बजरंग ज्वैलर्स) झोटवाड़ा, श्री चतुर्भुज गोगोरिया उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री राधेश्याम जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री कन्हैयालाल चोयल पूर्व अध्यक्ष बगरू, श्रीमती कल्पना धीमान दिल्ली, श्री कैलाश जी जांगिड आर.ए.एस. जयपुर, श्री रामचन्द्र जांगिड, श्री हरिनारायण जांगिड पूर्व अध्यक्ष जां. हस्तकला सेवा समिति जयपुर, श्री नवरतन जांगिड गुर्जर की थड़ी जयपुर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, मुंशीलाल जांगिड जयपुर आदि मंचासीन हुए। सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, साफा बन्धवाकर समिति के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। उद्बोधन की कड़ी में श्री बी.सी. शर्मा, श्री लखन शर्मा, श्री लालचन्द जांगिड आदि द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन, समाज संगठन व राजनैतिक परिवेक्ष्य पर अपने विचार रखे। जोबनेर समिति द्वारा जो प्रदेश सभा राजस्थान की सामूहिक सम्मेलन के लिए गाईड लाईन्स दी उसके अनुरूप ही इस सम्मेलन को समापन करवाया।

पाणिग्रहण संस्कार सम्पूर्ण होने पर सभी नव युगलों को मंचासीन कर भावभीनी विदाई दी गई, जिसमें श्री लखन शर्मा, श्री नन्द लाल खण्डेला एवं समिति के पदाधिकारीगण सम्मलित थे। दूल्हा-दुल्हन के पिता को कांसी का कचौला में 201 रुपए रखकर, 2 चाँदी के सिक्के भेंट किया तथा प्रत्येक वधु को ज्वैलरी जिसमें सोने में टीका, नथ, मंगलसूत्र, नाक का कांटा, चांदी, 3 जोड़ी बिछुड़ी, पायजेब जोड़ी, तीन अंगुठियां आदि सहित 13 आईटम दिए। पलंग, अलमारी, रजाई-गद्दा, डबल बेडशीट तकिए 4-4, सेन्ट्रल टेबल, कुर्सियां-4, बर्तन, स्टील टंकी-3, प्रेस, सिलाई मशीन, कूकर-2, दीवार घड़ी, 2 कम्बल, पंखा, मिक्सी, अटेची, 19 बेस, वर-वधु के सम्पूर्ण कपड़े, शॉल, टिफिन (गर्म खाने), थर्मस, शृंगारदानी, बर्तन के छींके आदि समिति एवं समाज द्वारा प्रदान किए गए।

मंच व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पाणिग्रहण संस्कार आदि व्यवस्था समिति की ओर से बहुत ही सुन्दर रही। हजारों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने उपस्थित होकर सम्मेलन की शोभा बढ़ाई।

## सगुन आर्ट गैलेरी में आर्टिस्ट अनुश्री स्वामी द्वारा ट्रेडिशनल पेन्टिंग का हुआ प्रदर्शन

18 नवम्बर, 2018 से 20 नवम्बर, 2018 तक सगुन आर्ट गैलेरी डी-77, शिव हीरा पथ, चौमूं हाउस, सी-स्कीम में आर्टिस्ट अनुश्री स्वामी द्वारा ट्रेडिशनल पेन्टिंस की प्रदर्शनी की गई।

18 नवम्बर, 2018 को मुख्य अतिथि सुश्री कोमल मोटयार युवा सिविल जज ने दीप प्रज्वलित कर अद्भुत तीन दिवसीय कला का शानदार प्रदर्शन जिसमें तीन पीढ़ियों की कला का अनूठा संगम एक साथ था, इसका विधिवत् शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रीमती भारती जांगिड, लीना शर्मा (जांगिड) भी उपस्थित रहीं।

सगुन आर्ट गैलरी की निदेशक आर्टिस्ट अनुराधा शर्मा ने बताया कि युवा चित्रकारों में बहुत प्रतिभा है, लेकिन उन्हें एक मंच की तलाश हमेशा रहती है। ऐसे युवाओं को मंच प्रदान करने के लिए सगुन आर्ट गैलेरी सदैव तैयार रहती है।

एक बार फिर से सगुन आर्ट गैलरी ने ओझल होती पारम्परिक चित्रकला को संजोने का प्रयास किया है। अनुश्री स्वामी की इस प्रदर्शनी में पारम्परिक कलमकारी, लघु चित्र शैली और अनेक माध्यमों से जैसे की ऑयल पेंटिंग, जल चित्रकारी, स्ट्रिपलिंग, पेन्सिल शेडिंग और स्केचिंग आर्ट का प्रदर्शन किया गया है। इसके ड्राय पेस्टल और अन्य माध्यमों से भी एक्जीबीशन को काफी रोचक बनाने का प्रयास किया गया है। इस प्रकार अनुश्री स्वामी ने लुप्त होती हमारी पारम्परिक चित्रशैली को जीवंत करने का प्रयास किया है।

सगुन आर्ट गैलरी की निदेशक आर्टिस्ट अनुराधा शर्मा भी जांगिड परिवार से हैं और वे भी एक बेहतरीन आर्टिस्टों में सम्मलित है।

## जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति त्रिवेणी धाम, जयपुर द्वारा आयोजित 14वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 26 जोड़ों का हुआ पाणिग्रहण संस्कार

19 नवम्बर, 2018 को जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति श्री त्रिवेणी धाम, शाहपुरा, जयपुर चतुर्दश सामूहिक विवाह सम्मेलन संत शिरोमणी नारायण दास जी महाराज की तपोस्थली के पास रतन विहार में 26 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार हुआ।

प्रात: जोड़ा आगमन हुआ। समारोह का झण्डारोहण श्री रिछपाल आमेरिया मानगढ़ एवं श्री दिनेश कुमार जांगिड रामपुरा द्वारा किया गया। वर शोभा यात्रा (निकासी) बड़ी धूम-धाम से बैण्ड-बाजों के साथ निकाली गई। बारात स्वागत, तोरण व वरमाला का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात् सभी वर-वधु पाणिग्रहण हेतु पाण्डाल में पहुँचे जहाँ विद्वान पण्डितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार विधि-विधान से इनका पाणिग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

दोपहर सामाजिक सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसके मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली थे। अतिविशिष्ट अतिथियों में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री गिरधारी लाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर आदि थे तथा समारोह की अध्यक्षता श्री बाला सहाय चिचावा मनोहरपुर द्वारा की गई।

अतिथियों में श्री राजेन्द्र जी डेरोलिया, श्री भागीरथ जी दौलतपुरा, श्री लालचन्द सिरोठिया, श्री पूरणमल जी बल्लूपुरा, श्री सीताराम टटेरा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री ओमप्रकाश जी उद्योगपति नीम का थाना, श्री भागीरथ जी सिहोड़ी, श्री नन्दलाल जी खण्डेला, श्री मामराज जी तह. अध्यक्ष शाहपुरा, श्री मनोज जांगिड संवाददाता दैनिक भास्कर, श्री कज्जू लाल जी धानोता, अमरचन्द जाला, भागीरथ जी बलेसर, महादेव जी खटकड़, मामराज जी तह. अध्यक्ष शाहपुरा, गौरीशंकर जांगिड, उद्योगपति राजेश जांगिड, धमेन्द्र शर्मा हनुमान प्रसाद कलाकार घीसालाल डेरोलिया, हनुमान प्रसाद कलाकार, जमवारामगढ़, विराट नगर, पावटा, कोटपूतली, श्री माधोपुर, चौमूं, अजीतगढ़ आदि कई तहसीलों के अध्यक्ष, श्री मदनलाल जी हरसोलिया, श्री सत्यनारायण जी हरसोलिया, श्री रामगोपाल जी खुडाणिया, श्री ओमप्रकाश जी डेरोलिया, श्री रमेश जी डेरोलिया जयपुर, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री सुरेन्द्र जी कासलीवाल, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया, श्री कैलाश जी घसवा, श्री ओमप्रकाश जी लावण्डीवाल सभी सोडाला समिति जयपुर, श्री मदनलाल पंवार, श्री गिरधारी लाल जी भादरिया ब्लॉक अध्यक्ष चौमूं, श्री नन्द किशोर जी मन्दसौर आदि मंचीसन हुए।

सभी अतिथियों व भामाशाहों का माल्यार्पण व साफा बन्धवाकर अध्यक्ष श्री लखन लाल नायन व पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री रविशंकर शर्मा, श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम पंवार एवं अन्य अतिथियों द्वारा उद्बोधन हुआ, जिसमें आने वाले विधानसभा चुनाव में जागरूकता लाकर समाज के इस बार भाजपा से दो तथा कांग्रेस से एक प्रत्याशी को जीताकर लाने, युवा पीढ़ी को शिक्षा व रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण पर जोर दिया। सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज में एक रूपता की भावना आती है तथा सहयोग की भावना भी बढ़ती है आदि पर बल दिया।

आशीर्वाद व विदाई नवदम्पत्तियों की हुई, जिसमें समिति की ओर से सोने का टीका, सोने के टॉप्स, चांदी की पायजेब उपहार स्वरूप प्रत्येक जोड़ों को दी गई, वहीं समाज के भामाशाओं द्वारा आभूषणों में पातड़ी चाँदी की, चांदी की अंगूठी, बिछिया चांदी की भेंट की गई।

पलंग, आलमारी, रजाई-गद्दा, बेडशीट, पंखा, सिलाई मशीन, कूकर, बाटी कूकर, स्टील की टंकी, पानी का केन, सेन्ट्रल टेबल, चौकी, पाँचों बर्तन, कांसी की थाली व कटोरा इत्यादि प्रत्येक जोड़ों को प्रदान किया गया।

श्री लखन लाल समिति अध्यक्ष सम्मेलन ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग करने वाले भामाशाओं व कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

### जांगिड सेवा संघ मुम्बई का दीपावली स्नेह मिलन व आम सभा का आयोजन सम्पन्न

9 नवम्बर, 2018 को जांगिड सेवा संघ मुम्बई का दीपावली स्नेह मिलन सम्मेलन व आम सभा का आयोजन डॉ. काशीनाथ घाणेकर नाट्य गृह बसंत विहार ठाणे में श्री बंशीधर जांगिड (गोरेगांव) की अध्यक्षता में किया गया।

बालिकाओं द्वारा गणेश वन्दना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तथा अतिथियों व समाज के गणमान्यों ने आराध्य देव विश्वकर्मा जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। गणमान्य समाज बन्धुओं ने सामाजिक विषयों पर अपने विचार प्रकट किए और समाज की प्रतिभाओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र व चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष श्री मीताराम जांगिड ने महिला मण्डल का अगला अध्यक्ष श्री रामरति प्रहलाद कुमार जांगिड को मनोनीत किया। कार्यक्रम का संचालन संगीता सुशील जांगिड, दयानन्द जांगिड, प्रदीप माकड़ द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संघ के महामंत्री महेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा व युवा कार्यकर्ता सांवरमल जांगिड, सचिन जांगिड, अनुपम जांगिड, मनीष जांगिड इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर मुम्बई, ठाणे, मीरा रोड़ सहित आसपास के क्षेत्रों से समाज के सैंकड़ों महिलाओं व पुरुषों की उपस्थिति रही। जांगिड क्रिकेट लीग का चौथा संस्करण आगामी 25 दिसमबर को कांदीवली में आयोजित किया जाएगा।

जांगिड सेवा संघ, महिला मण्डल मुम्बई के सान्निध्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें राजस्थानी संस्कृति की झलक साफ दिखी। कार्यक्रम श्री हरिराम जांगिड अध्यक्ष विश्वकर्मा एज्यूकेशन संस्था द्वारा सम्बोधित किया तथा उन्होंने शिक्षा का जीवन में महत्त्वपूर्ण स्थान बताया। हम अधिक से अधिक इस एज्यूकेशनल संस्था से जुड़ें तथा सामाजिक स्तर पर जरूरतमन्द विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग मिल सके। आपने युवाओं को अवगत करवाया कि किस प्रकार संघ से जुड़े वरिष्ठजनों के समाज की प्रति समर्पण भाव से जुड़े रहने के प्रति रूबरू करवाया तथा किस प्रकार विषम परिस्थितियों में समाज के वरिष्ठजनों ने सेवा भाव से संघ को बनाया।

### श्री विश्वकर्मा सेवा समिति खण्डेला के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन बना यादगार समारोह

कुछ महिनों पहले श्री विश्वकर्मा सेवा समिति खण्डेला को श्रीमती मनोहरी देवी धर्मपत्नी श्री बजरंग लाल जांगिड निवासी फतेहपुरा हाल निवास इन्दौर द्वारा एक बीघा भूमि दान दी गई थी। उक्त भूमि पर ✻ भामाशाह श्री नेमीचन्द गाँधीधाम ✻ श्री भागीरथ मल जी गोविन्दपुरा ✻ जांगिड समाज उदयपुरा ✻ जांगिड समाज गोविन्दपुरा ✻ श्री सत्यनारायण, महेन्द्र जी, सांवरमल जी, बोदूराम जी बरसिंहपुरा ✻ श्री नन्दलाल जी, ओंकारमल जांगिड चारण का बास द्वारा घोषित कमरों व बरामदा कुल 6 कमरा मय बरामदा का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है। एक ट्यूबवैल श्री बाबूलाल चौथमल जांगिड निवासी खटून्द्रा द्वारा मोटर स्टार्टर फिटिंग लगवाया जा चुका है। इसी कड़ी में एक अध्याय और जुड़ गया। विशाल रसोई गृह का निर्माण श्री बजरंगलाल जी, राम जी लाल जी, सांवरमल जी जांगिड बरसिंहपुरा एवं श्री बनवारी लाल जांगिड, चन्द्रमोहन जांगिड भादवाड़ी द्वारा तथा स्टोर गृह का निर्माण श्री चिरंजीलाल जी पदमपुरा द्वारा एवं सुविधाएं महिला एवं पुरुष एवं सीढ़ी निर्माण का कार्य समिति स्वयं द्वारा सभी

कार्यों की शुरूआत कर विश्वकर्मा जयंती पर समाज लोकार्पण करने का निर्णय की घोषणा की गई। खण्डेला जांगिड समाज भामाशाओं का हृदय के अन्तर्मन से आभार प्रकट करता है।

दीपावली स्नेह मिलन समारोह श्री भागीरथ जांगिड सिहोड़ी, कार्यालय प्रभारी प्रदेश सभा राजस्थान के मुख्य आतिथ्य एवं श्री रतन लाल जांगिड अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर समाजजनों द्वारा सभी को बधाई व शुभकामनाएं अर्पित की गई, मिठाई व प्रसाद वितरण पश्चात् कार्यक्रम का समापन किया गया।

**–नन्दलाल जांगिड**, खण्डेला

**श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति जयपुर द्वारा आयोजित आम सभा की बैठक एवं सेवा निवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह सम्पन्न**

11 नवम्बर, 2018 को श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति की आम सभा की बैठक व सेवा निवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह 3/25, वरूण पथ, मानसरोवर स्थित समिति भवन में श्री सूरजमल जी केडवाल संस्थापक समिति के मुख्य आतिथ्य में किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री जी.पी. शर्मा से.नि. मुख्य अभियंता (अध्यक्ष समिति) द्वारा की गई।

महामंत्री श्री छीतरमल शर्मा ने समिति की गतिविधियों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष श्री बृज किशोर शर्मा द्वारा वर्ष 2016–17 व 2017–18 वित्तीय वर्ष का आय–व्यय विवरण प्रस्तुत किया।

समिति की साधारण सभा की बैठक में समिति में सदस्यों की संख्या अधिक से अधिक करने का प्रस्ताव पारित किया तथा वित्तीय शक्तियों को भी बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

इस अवसर पर जांगिड विकास न्यास के अध्यक्ष से.नि. आर.ए.एस. अधिकारी श्री एम.एल. जांगिड द्वारा 8 महिलाओं को 5000–5000 रु. का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

समाज के सेवानिवृत कार्मिकों को शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल प्रदान कर समिति के पदाधिकारियों द्वारा अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सूरजमल केडवाल जी ने कहा कि कार्मिकों को अपने सेवाकाल में उनके दायित्वों को निष्ठा व ईमानदारी से पालन करना चाहिए। समिति अध्यक्ष श्री जी.पी. शर्मा जी ने सरकार व गैर सरकारी संस्थानों में पदस्थापित कार्मिकों को समाज में सेवा करने का अवसर जब भी मिले उसको पूर्ण ईमानदारी के साथ करना चाहिए। इस अवसर पर संयुक्त सचिव वित्त श्री ओंकारमल राजोतिया, उपशासन सचिव कैलाश चन्द शर्मा, दिनेश चन्द शर्मा सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभा में लगभग 200–250 कर्मचारियों व पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

अन्त में सभी ने सहभोज (सामूहिक गोठ) का आनन्द लिया।

**श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति जोधपुर द्वारा स्नेह मिलन एवं वृद्धजन सम्मान समारोह सम्पन्न**

11 नवम्बर, 2018 को श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति, अरिहंत नगर, पाल रोड़, जोधपुर द्वारा प्रात: स्नेह मिलन के साथ वृद्धजन सदस्यों (75 वर्ष पूर्ण) को सम्मान स्वरूप जुबली प्लेटिनम सम्मान से सुशोभित किया गया, जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री प्रेमसुख शर्मा द्वारा की गई।

उसके उपरान्त गत माह आयोजित गार्गी पुरस्कार से सम्मानित मेधावी छात्राओं में से वंचित रहीं छात्राओं तथा प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया।

समिति के सदस्य वरिष्ठजनों (13) का माल्यार्पण, साफा पहनाकर तथा स्मृति चिह्न व श्रीमद् भगवतगीता की पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कुल 22 आवेदन आए थे, लेकिन व्यक्तिगत रूप से 13 वरिष्ठजनों की उपस्थिति ही रही। इनमें से कुछ सपत्निक उपस्थित हुए उनकी पत्नियों का भी शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित वरिष्ठजन श्री ताराचन्द जी ने इस अवसर पर अपने विचार भी व्यक्त किए तथा इस तरह के आयोजन करने के समिति के अध्यक्ष व सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के उपरान्त अल्पाहार किया तथा ग्रुप फोटो भी लिया। सभी ने आयोजन की भूरी–भूरी प्रशंसा की।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रामदीन शर्मा ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा अधिकाधिक कर्मचारियों को समिति की सदस्यता के लिए फार्म छात्रावास अरिहन्त नगर में उपलब्ध हैं, जो भी नए कर्मचारी लगे हैं, उनको तुरंत मेम्बर बनाया जाएगा। महिला सह सचिव श्रीमती इन्दु शर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया।

श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति के सदस्यों में अध्यक्ष श्री प्रेमसुख शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रामदीन शर्मा, प्रचारमंत्री श्री ओमप्रकाश शर्मा, महिला सह सचिव श्रीमती इन्दु शर्मा, श्री खेताराम सुथार, श्री उदाराम सुथार, श्री उत्तम जांगिड, श्री महेश माकड।

अन्त में अध्यक्षता कर रहे श्री प्रेमसुख जी ने सभी उपस्थिति अतिथियों, वरिष्ठजनों एवं समिति पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

**कुलरिया परिवार द्वारा पीड़ित गोवंश के लिए 5 लाख 80 हजार का चेक भेंट किया**

विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय जोधपुर में गो भक्त ब्रह्मलीन संत स्व. श्री दुलाराम जी कुलरिया के सुपुत्र श्री भंवर जी, श्री नरसी जी एवं श्री पूनम जी कुलरिया द्वारा पीड़ित एवं दुर्घटनाग्रस्त गोवंश के उपयोग में आने वाले दो विशाल टीनशेड बनवाने हेतु स्वामी महाराज के करकमलों में 5 लाख 80 हजार रुपए का चेक भेंट कर गो माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इससे पूर्व में भी कुलरिया परिवार द्वारा विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, नागौर में एवं इसकी शाखा जोधपुर में भी पीड़ित गो वंश हितार्थ दो विशाल टीनशेड बनवाए गए थे। 5 लाख 80 हजार रुपए की राशि भेंट करने पर जोधपुर शाखा में टीनशेड बनना भी शुरू हो गया तथा दोनों जनवरी 2019 तक बनकर तैयार हो जाएगें।

**जांगिड समाज धर्मशाला विकास समिति भन्दे बालाजी (जयपुर) द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न**

2 दिसम्बर, 2018 को जांगिड समाज धर्मशाला विकास समिति

भन्दे बालाजी (जयपुर) द्वारा पाटोत्सव, दीपावली स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला भन्दे बालाजी, तह. दूदू, जयपुर में किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों में रामचन्द्र जांगिड भारत सरकार मानव अधिकार आपदा प्रबंधन अनुदेशक जयपुर, संत श्री सर्वेश्वर दास जी महाराज, जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार, दूदू तहसील अध्यक्ष श्री रामरतन जांगिड, रेनवाल विकास समिति अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम जांगिड, बगरू तहसील अध्यक्ष श्री हनुमान जांगिड, मुख्य संरक्षक जिला सभा श्री कैलाश चन्द लोईवाल, जोबनेर शाखा सभा अध्यक्ष श्री मन्नालाल जांगिड, श्री मदनलाल सीलक अध्यक्ष विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट बगरू, संरक्षक मदनलाल राजोतिया, श्री भगवान सहाय, श्री कैलाश चन्द, श्रीमती संगीता जांगिड (सरपंच अणतपुरा), श्रीमती चन्दा देवी संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री राधेश्याम सीलक, श्री रामेश्वर लाल मीषण अध्यक्ष विकास समिति फुलेरा आदि मंचासीन हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कैलाश चन्द लोईवाल द्वारा की गई।

समारोह का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला समिति के अध्यक्ष श्री छगनलाल बून्दवाल, पूर्व अध्यक्ष श्री गोपाल पेड़वाल, सुरेश चन्द पेड़वाल, जगदीश प्रसाद जांगिड, भंवरलाल धामा, छगन लाल अजमेरा, गिरधारी लाल जांगिड, धर्मेन्द्र पेड़वाल, प्रेमप्रकाश जाला, संजय जांगिड, ओमप्रकाश, नन्द किशोर हरसोलिया आदि द्वारा मंचासीन अतिथियों का सम्मान किया गया। पूर्व तहसील अध्यक्ष फुलेरा द्वारा वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार द्वारा समाज को संगठित रहकर समाज में शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाने पर बल दिया। श्री कैलाश लोईवाल ने बताया कि शिक्षा के बिना समाज अधूरा है, हमें प्रारंभ से ही बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सुसंस्कार देना चाहिए। बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बालिका शिक्षा ग्रहण कर दो कुलों में शिक्षा की अखल जगाती है। समाज के भामाशाओं को अब मंदिरों, धर्मशालाओं की जगह शिक्षा पर अधिक आर्थिक सहयोग करना चाहिए। गरीब विद्यार्थियों को उनके शिक्षा रूपी सपनों को पूरा करने हेतु दिल खोलकर आर्थिक सहयोग करना होगा। संत सर्वेश्वर दास जी महाराज ने कहा मनुष्य जन्म से नहीं अपितु कर्म से महान् होता है। मानव को धर्म व सत्य की राह पर चलते हुए नेक कार्य करने चाहिए। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ समाज व देश सेवा से भी लगाव रखना चाहिए।

कक्षा 10 व 12 के प्रतिभावान विद्यार्थियों द्वारा सम्मान किया गया। मंच संचालन श्री गोपाल लाल पेड़वाल व शेष नारायण हरसोलिया द्वारा किया गया। मोखमपुरा के भामाशाह श्री मिठ्ठूलाल कासलीवाल धर्मशाला में सवा पांच फीट ऊँची संगमरमर की मूर्ति (विश्वकर्मा जी) की लगाने व पचार के कन्हैयालाल धामा द्वारा शरीर के अंग दान करने की घोषणा की।

अन्त में सभी ने स्वरूचि भोज का आनन्द लिया।